LAKSH
Estd. 1996

ipem
LAW ACADEMY

# NEWSPAPER COVERAGES OF THE EVENTS

IPEM LAW ACADEMY

IQAC Coordinator

Principal

A-13/1, South Side G.T. Road Industrial Area, NH-24 By Pass, Ghaziabad, U.P.-201010 Telefax : 0120-4174500,Email : info@ipemgzb.ac.in, Website: www.ipemgzb.ac.in

LAKSH
Estd. 1996

*ipem*
**LAW ACADEMY**

अमर उजाला 31/1/2020

## आईपीईएम लॉ अकादमी में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आज से

गाजियाबाद। आईपीईएम लॉ अकादमी में 31 जनवरी और 1 फरवरी 2020 को डॉ. बीएस गोयल मेमोरियल नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें देश की लगभग 20 टीमों के भाग लेने की संभावना है। तीन चरणों के होने वाली प्रतियोगिता के बाद विजेताओं को नकद राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में कई सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे।

**NATIONAL MOOT COURT COMPETITION**

दैनिक जागरण 31/1/2020

## मूट कोर्ट में 16 टीमों ने लिया भाग

जासं, गाजियाबाद : आईपीईएम लॉ अकादमी में शुक्रवार को डॉ. बीएस गोयल मैमोरियल नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दीप जलाकर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सीसीआई डायरेक्टर सुकेश मिश्रा और सीसीएसयू डीन डॉ. अंजलि मित्तल रहीं। तीन चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में कुल बीस टीमों ने पंजीकरण कराया, लेकिन 16 टीम ही नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दो चरणों में शामिल हुईं। इनमें से सेमी फाइनल के लिए चार टीमों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम चरण का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। इस दौरान संस्था के डायरेक्टर कर्नल डॉ. अवतार सिंह मलहोत्रा और आईपीईएम लॉ अकादमी के डायरेक्टर बीपीएस सहगल ने प्रधानाचार्या डॉ. निशी शर्मा, प्रबंधन विभाग की हेड डॉ. डौली फिलिप्स और आईटी विभाग डायरेक्टर डॉ. नवीन सहित अन्य मौजूद रहे।

**NATIONAL MOOT COURT COMPETITION**

दैनिक जागरण
(15-2-2020)

## राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

जासं, गाजियाबाद : आइपीईएम के शिक्षा विभाग में सतत विकास में शिक्षा विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जामिया मिलिया इस्लामिया से प्रोफेसर एमए सिद्दीकी, गेस्ट ऑफ ऑनर चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय डीन प्रोफेसर जेएस भारद्वाज, प्रोफेसर अनीता रस्तोगी और डॉ. आरसी शर्मा होंगे। वहीं टेक्नीकल सेशन-1 में एमीनेंट स्पीकर डॉ. राजेंद्र पाल, तथा टेक्नीकल सेशन-2 में एमीनेंट स्पीकर, प्रोफेसर विजय जायसवाल और अतिथि डॉ. युधिष्ठिर होंगे। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र मिलेंगे।

**NATIONAL SEMINAR**

IQAC Coordinator

LAKSH
Estd. 1996

ipem
LAW ACADEMY

दैनिक जागरण (11-10-19)

## शिविर में हुआ दो सौ यूनिट रक्तदान



आइपीइएम गाजियाबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन ■ सौजन्यः कॉलेज

**जासं, गाजियाबाद** : इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल एक्सीलेंस एंड मैनेजमेंट रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. सुरभि ने किया। उन्होंने रक्तदान का महत्व बताते हुए सकारात्मक भावना से रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कालेज प्रशासन तथा रोटरी क्लब के कार्य की सराहना करते हुए समाज के विकास में योगदान के लिए धन्यवाद दिया। रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के पदाधिकारियों ने रक्तदान के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए आपीइएम गाजियाबाद को विगत वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी रक्तदान शिविर आयोजित करने पर बधाई दी। इस अवसर पर बीएड विभाग से पूनम रावत के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटिका रक्तदान का महत्व सराहनीय रहा। शिविर के दूसरे सत्र में एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीटीसी तथा एलएलबी विभागों के प्रवक्ता एवं छात्रों, पुस्तकालय एवं संस्थान के अन्य कर्मचारियों द्वारा लगभग 200 यूनिट रक्तदान किया गया।

**BLOOD DONATION CAMP**

IQAC Coordinator

Internal Quality Assurance Cell Co-ordinator

Ghaziabad IPEM Law Academy Principal

A-13/1, South Side G.T. Road Industrial Area, NH-24 By Pass, Ghaziabad, U.P.-201010 Telefax : 0120-4174500,Email : info@ipemgzb.ac.in, Website: www.ipemgzb.ac.in

LAKSH
Estd. 1996

ipem
LAW ACADEMY

नवभारत टाइम्स (11/10/19)

## 200 यूनिट ब्लड जमा



एनबीटी न्यूज, एनएच 24: इंस्टिट्यूट ऑफ प्रफेशनल एक्सीलेंस एंड मैनेजमेंट में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सुरभि ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कोई नुकसान नही होता है।

**BLOOD DONATION CAMP**

अमर उजाला (22-6-19)

## आईपीईएम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



गाजियाबाद। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 24 पर इंस्टीटयूट ऑफ प्रोफेशनल एक्सीलेंस एंड मैनेजमेंट (आईपीईएम) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसका प्रारंभ अनुपम गोयल, कर्नल डॉ. एएस मल्होत्रा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. सुगंधा गोयल एवं समस्त विभागाध्यक्षों ने दीप जलाकर किया। योग प्रशिक्षक अनुपमा सिंह ने सभी को विभिन्न प्रकार के योगासन कराए और लाभ बताए। आयोजन के अंत में डॉ. मल्होत्रा ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं स्टाफ का धन्यवाद किया।

**YOGA AWARENESS**

IQAC Coordinator

LAKSH
Estd. 1996

# ipem LAW ACADEMY

नव भारत टाइम्स 25/2/19

## प्रतियोगिता हुई

एनबीटी न्यूज, एनएच 24 : आईपीईएम लॉ अकैडमी में रविवार को आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में बीएएलएलबी के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का अवलोकन संस्थान के पूर्व छात्र अधिवक्ता वैभव शर्मा और अधिवक्ता अरुण कुमार ने किया। कोर्ट की प्रक्रिया एवं व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया। संस्था के डायरेक्टर डॉ. बी.पी.एस सहगल ने मूट कोर्ट के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी तोमर, सुधाकरण, अर्चना सिंह और निशा शर्मा ने किया।

**MOOT COURT COMPETITION**

अमर उजाला 24/10/18

## आईपीईएम लॉ अकादमी में निजता के अधिकार पर कार्यशाला



गाजियाबाद। आईपीईएम लॉ अकादमी में निजता के अधिकार पर मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बीए एलएलबी (पांच वर्षीय) पाठ्यक्रम की 10 टीमों ने भाग लिया। वर्कशॉप का अवलोकन अधिवक्ता अरुण कुमार (पूर्व छात्र) एवं वैभव सक्सेना द्वारा किया गया। संचालन अर्चना सिंह एवं सुधाकरण ने किया। इस मौके पर अकादमी के डायरेक्टर डॉ. बीपीएस सहगल तथा प्रधानाचार्य डॉ. आरपी उपाध्याय एवं सभी फैकल्टी उपस्थित रहे। लॉ विद्यार्थियों ने निजता के अधिकार के पक्ष-विपक्ष में राय रखी।

**WORKSHOP ON RIGHT TO PRIVACY**

IQAC Coordinator

Internal Quality Assurance Cell – Co-ordinator

Ghaziabad IPEM Law Academy – Principal

A-13/1, South Side G.T. Road Industrial Area, NH-24 By Pass, Ghaziabad, U.P.-201010 Telefax : 0120-4174500,Email : info@ipemgzb.ac.in, Website: www.ipemgzb.ac.in

LAKSH
Estd. 1996

ipem
LAW ACADEMY

दैनिक जागरण 04/11/18

## आइपीइएम में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

जासं, गाजियाबाद : आइपीइएम लॉ एकेडमी में शुक्रवार को संविदा विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वीके रैना ने छात्रों को संविदा से संबंधित विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराया। इस दौरान वर्तमान समय में संविदा एवं समझौते से संबंधित विभिन्न मामलों का हवाला देकर छात्रों को वास्तव में संविदा के विषय की उपयोगिता के बारे में बताया।

**GUEST LECTURE**

अमर उजाला 16/9/18

## आईपीईएम में लगाया रक्तदान शिविर




गाजियाबाद। एनएच-24 स्थित इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशनल एक्सीलेंस एंड मैनेजमेंट (आईपीईएम) में रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 300 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. मनीष गोयल ने किया। इस मौके पर क्लब के सचिव वीरेंद्र अरोरा, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जेके गौड़ ने विचार रखे। बीएड विभाग की डॉ. संगीता सोलंकी और आईटी विभाग की डॉ. मीनू कक्कड़ की अगुआई में विद्यार्थियों ने रक्तदान के महत्व को दर्शाते कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शशांक चौधरी ने किया। संस्थान के सचिव अनुपम

**BLOOD DONATION CAMP**

IQAC Coordinator

Internal Quality Assurance Cell — Co-ordinator

Ghaziabad IPEM Law Academy — Principal

A-13/1, South Side G.T. Road Industrial Area, NH-24 By Pass, Ghaziabad, U.P.-201010 Telefax : 0120-4174500,Email : info@ipemgzb.ac.in, Website: www.ipemgzb.ac.in

**LAKSH**
Estd. 1996

*ipem*
**LAW ACADEMY**

20/8/18 नवभारत टाइम्स

## महिलाओं को दी कानून की जानकारी



शिविर में जानकारी देते हुए

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद : एनएच-24 स्थित आईपीईएम के लॉ कॉलेज की ओर से राजनगर के सेक्टर-4 में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि शीला गुप्ता ने किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून बनाए गए हैं, लेकिन उनको जानकारी नहीं है। डॉ. मीनाक्षी और सोनम सिंह ने कहा कि कानूनों की जानकारी न होने से महिलाएं अपराधों का शिकार होती हैं। इस मौके पर सुधाकरण, धर्मपाल, अभिषेक भट्ट, अंजलि आदि मौजूद रहे।

**LEGAL AID CAMP**

दैनिक जागरण
(20-7-18)

## मूट कोर्ट प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र

गाजियाबाद : आइपीईएम लॉ एकेडमी में शनिवार को मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जज के रूप में कालेज पूर्व छात्र अधिवक्ता अमित शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत कालेज के निदेशक कर्नल एएस मल्होत्रा ने की। दस टीम में शामिल 30 छात्र प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस मौके पर डा. मीनाक्षी, नीतू, सुधाकरण, सोनम सहित अन्य मौजूद रहे। (जासं)

**MOOT COURT COMPETITION**

IQAC Coordinator

LAKSH
Estd. 1996

ipem
**LAW ACADEMY**

05/9/18 अमर उजाला

### आईपीईएम लॉ एकेडमी में लगी मूट कोर्ट

गाजियाबाद। आईपीईएम लॉ एकेडमी में मूट कोर्ट लगाई गई। जज के रूप में कॉलेज के पूर्व छात्र विकास शर्मा व तरुण त्यागी ने कोर्ट में आए केस पर अपने फैसले सुनाए। प्रतियोगिता में 25 टीमों ने भाग लिया। ब्यूरो

**MOOT COURT COMPETITION**

अमर उजाला
(08-10-17)

### महिला सशक्तिकरण पर रखी राय

गाजियाबाद। एनएच-24 स्थित आईपीईएम इंस्टीट्यूट में विधि विभाग की ओर से राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। 'महिला सशक्तिकरण: उभरती प्रवृत्तियां एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित सेमिनार में देशभर से आए वक्ताओं ने बेबाकी से अपनी राय रखी। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश जस्टिस शिवचरण शर्मा, महिला राष्ट्रीय आयोग की सदस्य डा. सुषमा साहू, प्रो. एसएन सिंह ने किया। संस्थान के निदेशक कर्नल डा. एएस मल्होत्रा, प्रो. नुजहत परवीन आदि रहे। ब्यूरो

**NATIONAL SEMINAR**

नवभारत टाइम्स
(08-10-17)

### सेमिनार हुआ

एनबीटी न्यूज, एनएच 24: आईपीईएम के विधि विभाग की तरफ से शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय महिला सशक्तिकरण, उभरती प्रवृत्तियां एवं चुनौतियां था।

**NATIONAL SEMINAR**

IQAC Coordinator

Internal Quality Assurance Cell Co-ordinator

Ghaziabad IPEM Law Academy Principal